-:प्रेस नोट दिनांक 11.02.2025:-
थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली ।

थाना फतेहगंज पूर्वी बरेली पुलिस टीम द्वारा "आपरेशन खोज" के अन्तर्गत चोरी की मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाले अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली महोदय के द्वारा चलाये गये **"आपरेशन खोज"** अभियान के अनुक्रम में प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पूर्वी के नेतृत्व में थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस टीम एवं पीआरवी 0204 द्वारा संदिग्ध वाहनों की चैकिंग के दौरान टिसुआ से 1 किमी दूर शिवपुरी की तरफ जाने वाली सडक पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर चलाने वाले अभियुक्त रामबीर पुत्र सेवाराम नि0 ग्राम गल्थुआ पो0 टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली उम्र 45 वर्ष को चोरी की मोटर साइकिल HONDA DREAM NEO नं0 DL 04 TC 0422 के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त रामबीर उपरोक्त के विरूद्ध 47/25 धारा 318(4)/338/336(3)/340(2)/317(2)/345(3) BNS पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

विवरण-

ग्राम टिसुआ की तरफ से आ रही एक मोटर साइकिल को रुकवाया, चालक से मो0सा0 सम्बन्धित कागजात मांगे गये तो नहीं दिखा सका तथा पूछने पर कि यह मो0सा0 किस के नाम पर पंजीकृत है, तो नहीं बता पाया। इस मो0सा0 पर पिछली नंबर प्लेट पर अंकित नम्बर DL 04 TC 0422 को ई- चालान ऐप पर जब चैक किया गया तो मो0सा0 की कोई जानकारी नहीं मिली। शक होने पर मौके पर मिली मो0सा0 के चैसिस नंबर ME4JC781GJ8060120 को ई- चालान ऐप पर चैक किया गया, तो गाडी का रजि0 नंबर DL 4 SCW 6565 दर्शित हुआ जो बसंत कुमार पुत्र चन्द्रपाल नि0 22/2 BLOCK B, RAJ PARK , SULTANPURI, NORTH WEST 1100886, मो0 न0 9205049866 पंजीकृत है। मोटर साइकिल का इंजन नंबर चैक किया गया तो मो0सा0 का इंजन नंबर खुर्द बुर्द था। चालक रामबीर पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम गल्थुआ पो0 टिसुआ थाना फतेहगंज पूर्वी, बरेली उम्र करीब 45 वर्ष से जब मोटर साइकिल के रजि0 न0 की भिन्नता के संबंध मे सख्ती से पूछताछ की गई तो चालक रामबीर ने बताया कि मैंने यह मो0सा0 अपने साढ़ू के लडके मनोज पुत्र रामलडैते नि0 कस्बा व थाना अलापुर जिला बदायूं से वर्ष 2019 में चलाने के लिये ली थी। मनोज दिल्ली में नौकरी करता है। उसने यह मोटर साइकिल दिल्ली से चोरी की थी जो मैने अपने इस्तेमाल के लिये उससे ले ली थी। वर्ष 2019 से मैं यह मो0सा0 गलत नंबर प्लेट लगाकर इस्तेमाल कर रहा हूँ ताकि किसी को शक ना हो, इसलिए मैंने इसके इंजन नंबर को खुर्द बुर्द कर दिया था। तत्पश्चात ई चालान एप पर दर्शित वाहन स्वामी के मो0 न0 9205049866 पर सम्पर्क किया गया तो वाहन स्वामी बसंत कुमार ने बताया कि मेरी मोटर साइकिल नं0 DL 4SCW 6565 दि0 31/05/2019 को मंगोलपुरी, दिल्ली से चोरी हो गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना राज पार्क में दि0 01/06/2019 को मु0अ0स0 019122 धारा 379 भा0द0वि0 पंजीकृत करवाया था। तत्पश्चात थाना राज पार्क दिल्ली में सम्पर्क कर जानकारी की गयी तो उक्त मोटर साइकिल चोरी होने के सम्बन्ध मे उपरोक्त एफआईआर पंजीकृत होना पाया गया।

- **गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण/पंजीकृत अभियोग-**
  1. रामबीर पुत्र सेवाराम नि0 ग्राम गल्थुआ पो0 टिसुआ थाना फतेहगंज पुर्वी जनपद बरेली उम्र 45 वर्ष
     47/25 धारा 318(4),338,336(3),340(2),317(2),345(3) BNS थाना फतेहगंज पूर्वी बरेली

- **बरामदगी -**
  चोरी की एक मोटर साइकिल HONDA DREAM NEO फर्जी गाडी नं0 DL 04 TC 0422 सही गाडी नं0 DL 4 SCW 6565

- **पुलिस टीम -**

1. प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली ।
2. उ0नि0 मो0 मारूफ, थाना फतेहगंज पूर्वी. जनपद बरेली।
3. उ0नि0 श्री हेमन्त कुमार , थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
4. का0 306 लोकेश कुमार नियुक्ति 112, जनपद बरेली।
5. का0 1963 विनित कुमार नियुक्ति 112, जनपद बरेली।